# हिमाचल अभी अभी


Himachal ABHI ABHI

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक


/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 11 अंक 33 कांगड़ा। शनिवार, 15 नवंबर -21 नवंबर, 2025 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 10 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

बढ़ते पॉल्यूशन में खराब तो नहीं हो रही आपकी स्किन -पढ़ें पेज 3

## डॉ. राजेश का बड़ा कदम, पंडित नेहरू की नीतियों वाली बुकलेट 'द विजनरी' जारी-छात्रों तक पहुंचेगी






■ **मनोज/धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की सोच के तहत देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों को प्रदेश के छात्रों व युवाओं तक पहुंचाने की एक नई पहल की आज से शुरुआत हो गई है। शिक्षा बोर्ड ने पहले पीएम रहे नेहरू के विचारों को लेकर एक बुकलेट तैयार करवाई है, जिसे स्कूली छात्रों व यूथ तक पहुंचाने का काम आज से शुरू हो गया है। इसके लिए धर्मशाला स्थित शिक्षा बोर्ड परिसर में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने इस बुकलेट का अनावरण किया, इसके साथ ही ये विद्यार्थियों के बीच बंटना शुरू हो गई है। आज के कार्यक्रम में प्रदेशभर से होनहार बच्चों को भी बोर्ड परिसर में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

- **बुकलेट में नेहरू का बच्चों से सीधा संवाद भी समाहित**
- **शिक्षा बोर्ड परिसर धर्मशाला में हुआ भव्य समारोह**
- **शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली विभूतियां सम्मानित**
- **छात्रों से हर वक्त सीखने की दृष्टि विकसित करने पर बल**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा इस उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह-2025 का आयोजन किया गया था। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों विशेषतः शिक्षा, युवा व रोजगार पर भाषण, निबंध व कला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम बोर्ड परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में पुस्तक 'द विजनरी' का अनावरण किया गया। इस पुस्तक में उनके जीवन परिचय तथा उनसे जुड़े हुए परिवारिक व उनकी नितियों से प्रभावित व्यक्तियों द्वारा अपने.अपने संदेश दिए गए है।

समारोह में राजकीय उच्च विद्यालय कोतवाली बाजार, धर्मशाला के कक्षा सातवीं के एक प्रतिभावान छात्र नक्ष कुमार ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को उनकी स्केचनुमा तस्वीर भेंट की। समारोह में प्रदेश से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर पर व बोर्ड मुख्यालय में भाग लिया उसके उपरांत बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों से हर वक्त सीखने की सकारात्मक दृष्टि विकसित करने पर बल दिया, साथ ही हर परिस्थिति में शांत रहने और स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ रहने का संकल्प करने की बात कही।

YouTube देखें वीडियो